HD-02

June - Examination 2026
B.A. (Part-I) Examination
हिन्दी साहित्य
हिन्दी गद्य भाग–II (कथा साहित्य)
Paper : HD-02

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **70***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) हिंदी की प्रथम कहानी 'इंदुमती' पर किस कहानी की छाया है?
   (ii) प्रसाद स्कूल के दो कहानीकारों के नाम लिखिए।
   (iii) 'झूठा सच' उपन्यास की कथावस्तु किस पर आधारित है?
   (iv) 'पूस की रात' कहानी में किस जानवर का मनोविज्ञान बताया गया है?
   (v) 'पत्नी' कहानी की नायिका का नाम लिखिए।
   (vi) 'परमात्मा का कुत्ता' किस प्रकार की कहानी है?
   (vii) 'महाभोज' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष बताइए।

खण्ड–'ब' **4×7=28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **7** अंक का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

''राम–राम यह भी कोई लड़ाई है। दिन–रात खंदको में बैठे हड्डियां अकड़ गई। लुधयाने से दस गुना जाड़ा और मेंह और बरफ ऊपर से। पिंडलियों तक कीचड़ में घँसे हुए हैं। गनीमत कहीं दीखता नहीं – घण्टे दो घण्टे में कान के पर्दे फाड़ने वाले धमाके के साथ सारी खंदक हिल जाती और सौ–सौ गज धरती उछल पड़ती है। इस गैबी गोले से बचे तो कोई लड़े। नगरकोट का जलजला सुना था, यहाँ दिन में पच्चीस जलजले होते हैं। जो कहीं खंदक के बाहर साफा था कुहनी निकल गई तो चटाक से गोली लगती है। न मालूम बेईमान मिट्टी में लेटे हुए हैं या घास की पत्तियों में छिपे रहते हैं।''

3. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

''वह अनायास भाव से पति के साथ रहती है और कभी उसकी राह के बीच में आने की नहीं सोचती। वह एक बात जान चुकी है कि उसके पति ने अगर आराम छोड़ दिया है, घर का काम छोड़ दिया है, जान–बूझकर उखड़े–उखड़े और मारे–मारे जा फिरते हो, इसमें वे कुछ भला ही सोचते होंगे। इसी बात को पकड़कर वह आपत्ति–शून्य भाव से पति के साथ विपदा–पर –विपदा उठाती रहती है। पति ने कहा भी है कि तुम मेरे साथ क्यों दुःख उठाती हो, पर सुनकर वह चुप रह जाती है। और सोचती रह गयी है कि जिसे 'सरकार' कहते हो, वह सरकार उनके इस तरह के कामों से बहुत नाराज है।''

4. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए –

''उन्होनें अनुभव किया कि वह पत्नी व बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त मात्र है। जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिंदूर डालने की अधिकारी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है। उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से सारे कर्त्तव्यों से छुट्टी पा जाती हैं। वह घी और चीनी के डिब्बों में इतनी रमी हुई है कि अब वही उनकी संपूर्ण दुनिया बन गई है।''

5. 'पुरस्कार' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।
6. कहानी और उपन्यास के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।
7. 'पूस की रात' कहानी के शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए।
8. 'आशा अमरधन' कहानी के देशकाल या वातावरण पर प्रकाश डालिए।
9. 'निर्मला' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

खण्ड–'स' **2×14=28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **14** अंक का है।

10. हिंदी उपन्यास की विकास यात्रा पर एक निबंध लिखिए।
11. 'महाभोज' उपन्यास घटना प्रधान है या चरित्र प्रधान। उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।
12. 'चीफ की दावत' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।
13. किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए –

(i) साठोत्तरी कहानी (ii) सामाजिक उपन्यास

(iii) कहानीकार प्रेमचंद (iv) नयी कहानी
